ICAR-AGRICULTURAL TECHNOLOGY APPLICATION RESEARCH INSTITUTE (ATARI)
KANPUR-208002 (U.P.)
[ISO 9001:2015 Certified Institute]
Tel.: 0512-2533560, 2554746 Fax: 0512-2533560, zpdicarkanpur@gmail.com, http://atarik.res.in

भाकृअनुप-अटारी कानपुर द्वारा ७०वें गणतंत्र दिवस का आयोजन

आज दिनांक २६ जनवरी, २०१९ को देश ७०वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के प्रांगण में झण्डारोहण संस्थान के निदेशक, डॉ. अतर सिंह जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार सभी के समक्ष रखे तथा इस गणतंत्र दिवस की बधाईयाँ भी दी। तत्पश्चात संस्थान के निदेशक महोदय जी द्वारा अपना उद्धबोधन दिया गया जिसमे उन्होने संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान निर्माताओं के द्वारा देश के प्रति किए गये योगदान को बताया, निदेशक महोदय ने कहा कि देश में आजादी के बाद कृषि, सुरक्षा, सड़क, स्वास्थ्य तथा खाद्यान्न आदि समस्त क्षेत्रों मे विकास हुआ है। उन्होने सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी से संस्थान की गरिमा बनाये रखने व किसानों की आमदनी दुगना करने हेतु संस्थान के हित में कार्य करने की बात कही तथा उन्होने यह भी बताया कि हम सभी अपने जीवन में निरंतर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहे और गांव से शहर, शहर से देश-विदेश पहुँच सकते है। महोदय जी ने बताया कि हमे व्यक्तिगत जीवन मे सामाजिक कार्यों मे भी रूचि लेनी चाहिए। उन्होने गणतंत्र दिवस की महत्ता एवं दूरदर्शिता से अवगत कराया तथा हमें जिम्मेदार नागरिक के रूप में एक संकल्प लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देने की बात कही। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.के. दुबे, अधिकारीगण श्री एस.एन.येमुल, श्री कान्ता प्रसाद, श्री आर.बी.वर्मा तथा संस्थान के अन्य कर्मचारीगण भी मौजूद रहे तथा सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.के.दुबे द्वारा स्वागत उद्धबोधन किया गया जिसमे उन्होने सभी को ७०वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान द्वारा खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी व उनके पारिवारिक सदस्यों ने प्रतिभाग किया। अन्त में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

An ISO 9001:2015 Certified
ICAR-AGRICULTURAL TECHNOLOGY
APPLICATION RESEARCH INSTITUTE
G.T. ROAD RAWATPUR
KANPUR-208002 (UP)